भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 863

जिसका उत्तर 04.12.2025 को दिया जाना है

केरल में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाएं

863. श्री एंटो एन्टोनी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास गत पांच वर्षों के दौरान केरल में राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई दुर्घटनाओं की संख्या के संबंध में कोई आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और घायल हुए और मारे गए लोगों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या राष्ट्रीय राजमार्गों के अवैज्ञानिक निर्माण से दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है;

(ग) क्या सरकार ने केरल में चल रहे कार्यों को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और प्रत्येक परियोजना के पूरा होने की अनुमानित लागत कितनी है जिसे अंतिम रूप दिया गया है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर "भारत में सड़क दुर्घटनाएं" पर रिपोर्ट प्रकाशित करती है प्रकाशन वर्ष 2023 तक किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2019 से 2023 तक केरल राज्य के राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुई सड़क दुर्घटनाओं, मौतों और चोटों की कुल संख्या इस प्रकार है: -

वर्ष	सड़क दुर्घटनाएं	मौतें	चोटें
2019	**9,459**	**1,259**	10,710
2020*	**6,594**	887	7,354
2021*	**8,048**	**975**	8,984
2022	**17,627**	**1,197**	17,799
2023	10,640	1,056	12,105

* - कोविड प्रभावित वर्ष।

(ख) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, सड़क दुर्घटनाएं बहु-कारणीय घटना हैं और विभिन्न कारकों की परस्पर क्रिया का परिणाम हैं। इन्हें मुख्य तौर पर (i) मानव चूक, (ii) सड़क की स्थिति/पर्यावरण और (iii) वाहन की स्थिति में वर्गीकृत किया जा सकता है।

(ग) से (घ) वर्तमान में, केरल राज्य में निर्माण के लिए लगभग 46,965.17 करोड़ रुपये की लागत वाली 834 किमी लंबाई की 46 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं सौंप दी गई हैं। ये परियोजनाएं निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं तथा इन्हे चरणबद्ध तरीके में वित्त वर्ष 2027-28 तक पूरा किया जाना निर्धारित है।

*****